प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

छठा चरण मतदान

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए आज मतदान शुरू हो गया है। इस चरण में 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में बिहार की आठ लोकसभा सीटें, हरियाणा की दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सात, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए मतदान हो रहा है। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान करने वाले सभी लोगों से बडी संख्या में वोट डालने का आग्रह किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रत्येक मत का महत्व है और लोगों के चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से लोकतंत्र मजबूत होता है। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं से बडी संख्या में मतदान करने की अपील की है।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में अब 6 दिन शेष रह गए हैं और ऐसे में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केंद्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज शिमला संसदीय क्षेत्र के रोहडू विधानसभा क्षेत्र में विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी आज हमीरपुर और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के तहत अम्ब और धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

इसके अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल शिमला संसदीय सीट के तहत नाहन और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ऊना में चुनावी जनसभाएं करेंग जबकि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा 27 से 30 मई तक मंडी, शिमला और सोलन ज़िलों में अनेक चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल सोलन के बी.एल. पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामती में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक डॉ. जगदीश नेगी ने की।

उन्होंने सभी से शत–प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से अपने घर के मतदाताओं से शत–प्रतिशत मतदान कराकर इसमें भागीदार बनने का आग्रह किया।

शिमला शहर की स्वीप टीम ने कल इंदिरा गांधी अस्पताल प्रशासन के सहयोग से आईजीएमसी शिमला में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व सहभागिता अभियान चलाया, जिसमें शिमला शहरी विधानसभा की स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ० सुरेश कुमार ने चुनाव आयोग द्वारा चलाए जाने वाले इस विशेष कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। नोडल अधिकारी ने चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग जनों को घर से मतदान करने की सुविधा तथा अन्य मतदाताओं को मतदान केंद्र पर दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, रैंप, व्हील चेयर आदि के बारे में जानकारी साझा की।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश में वनों को आग से बचाने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा बैठक में कहा कि वन हमारी अमूल्य सम्पदा है जिसकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। वनों में लगने वाली आग पर नियंत्रण पाने के लिए जन सहभागिता और लोगों को जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को वनों में आग लगने पर उसे बुझाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि जंगल में धुंआ या आग की जानकारी मिलने पर निकटतम वन विभाग कार्यालय या आपातकालीन सेवाओं के टोल–फ्री नंबर–1077 और 1070 पर सूचना अवश्य दें।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री की रैली से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है प्रधानमंत्री ने नाहन और मंडी में जनसभाएं कर कांग्रेस पर बोला हमला–हिमाचल में तालाबाज सरकार, कांग्रेस अब राममंदिर पर लगाना चाहती है ताला। दैनिक भास्कर का शीर्षक है कांग्रेस को सिर्फ ताला लगाना ही आता है, जयराम के खोले संस्थान बंद किए। पंजाब केसरी के शब्द हैं कांग्रेस राम विरोधी। दिव्य हिमाचल लिखता है एक तरफ मोदी की गारंटी है, दूसरी तरफ कांग्रेस का बर्बादी का मॉडल। दैनिक जागरण के अनुसार दो सभाओं के जरिये सबसे बात कर गए मोदी। हिमाचल दस्तक का कहना है मोदी जान की बाजी लगा देगा, लेकिन आप पर कभी संकट नहीं आने देगा।

दिव्य हिमाचल व पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है प्रधानमंत्री बताएं, आपदा में हिमाचल को कहां धन दिया। आपका फैसला का शीर्षक है भाजपा नेता झूठ बोलन छोड़कर यह बताना शुरू करें कि कितनी विशेष राहत राशि हिमाचल को केंद्र ने दी।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है पांच जिलों में हल्की बूंदाबांदी से बढ़ते पारे पर लगा ब्रेक, तीन दिन हीटवेव का अलर्ट। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं हिमाचल में आज से फिर सताएंगी गर्म हवाएं।